दिनांक 07.12.2018

स्वच्छ भारत अभियान **स्वच्छ एवं सुदर भिलाई**

'स्वच्छ सर्वेक्षण 2019 की आयोजित कार्यशाला एम.जे. कॉलेज भिलाई में उपस्थित हुए निगमायुक्त सुंदरानी'

भिलाईनगर/स्वच्छ सर्वेक्षण 2019 के तहत एम.जे. कॉलेज मॉडल टाउन में स्वच्छ सर्वेक्षण की कार्यशाला आयोजित की गई जिसमें सर्वप्रथम महाविद्यालय के स्टाफ द्वारा स्वच्छता से पूर्व से ही जुड़े आयुक्त सुंदरानी के विषय में संक्षिप्त विवरण से कार्यशाला में उपस्थित सभी लोगों को अवगत कराया गया। तत्पश्चात महाविद्यालय द्वारा प्रोजेक्टर के माध्यम से स्वच्छता के संबंध में चित्रण प्रस्तुत किया गया।

महाविद्यालय की संचालक श्रीमती श्रीलेखा वीरूलकर ने आयुक्त महोदय को स्वच्छता पुरुष की संज्ञा देते हुए कहा की स्वच्छता सभी की नैतिक जिम्मेदारी है इसे हम सभी को निभाना है और अपने व्यवहार में लाना आवश्यक है। स्वच्छ सर्वेक्षण कार्यशाला के अगले क्रम में महाविद्यालय के छात्र–छात्राओं द्वारा स्वच्छता का संदेश देते हुए नुक्कड़ नाटक नृत्य की प्रस्तुति दी गई जिसमें स्वच्छता संबंधी बहुत से संदेश छुपे हुए थे।
आयुक्त महोदय द्वारा बताया गया कि गांव में आज भी कचरा निष्पादन की प्रक्रिया बहुत ही परंपरागत है जहां पर घुरवा पद्धति से आज भी कचरे का निपटान सही तरीके से किया जा रहा है, जिसे हमें शहर में पुनः अपनाने की आवश्यकता है। आयुक्त महोदय ने होम कंपोस्टिंग को बढ़ावा देते हुए कहा की सभी के घरों से जो गीला कचरा निकलता है उसे एक गड्ढे में डालकर खाद तैयार किया जा सकता है साथ ही यदि थोड़ा खराब दही या मही का उपयोग करने से कम समय में ही खाद तैयार किया जा सकता है।
जिनके घरों में खाद बनाने हेतु उपयुक्त स्थल नहीं है उन घरों में मटके का उपयोग कर खाद तैयार किया जा सकता है।

सूखे कचरे के संबंध में आयुक्त महोदय ने कहा की एक बोरे में सूखे कचरे को रखकर उसे पुनर्चक्रण हेतु दिया जा सकता है एवं बेचा जा सकता है जिससे आए प्राप्ति भी हो सकती है। आयुक्त सुंदरानी ने महाविद्यालय परिसर को जीरो वेस्ट बनाने की दिशा में संचालक महोदया श्रीमती श्रीलेखा वीरूलकर से चर्चा की।

आयोजित स्वच्छता कार्यशाला में संचालक महोदया श्रीमती वीरूलकर ,जोन आयुक्त जोन क्रमांक 1 संजय बागड़े, प्राचार्य के.एस. गुरुपंच, नर्सिंग के प्राचार्य डॉ कन्नामलर ,फार्मेसी के प्राचार्य टिकेश्वर कुमार, वी.के. चौबे निगम भिलाई से उप अभियंता, निकहट सबरीन ,श्वेता महेश्वर, अजय शुक्ला, स्वच्छता निरीक्षक बालकृष्ण नायडू सहित निगम के अन्य अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

जन सम्पर्क अधिकारी